


# मांगलिया से राऊ तक मेट्रो की ब्लू लाइन प्रस्तावित, पूरा एबी रोड होगा कवर

▶ एलिवेटेड कॉरिडोर की जरूरत हो सकती है खत्म

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मध्य प्रदेश मेट्रो रेल का इंदौर रीजन शहर ने मांगलिया से राऊ तक मेट्रो का प्रस्ताव बनाया है. उक्त मार्ग में पूरा एबी रोड कवर हो रहा है. मात्र छह किलोमीटर के एलिवेटेड कॉरिडोर से ज्यादा फायदेमंद एलिवेटेड मेट्रो लाइन हो सकती है. विशेष ध्यान देने वाली बात यह है कि इंदौर में मांगलिया से राऊ के बीच सभी तरह के वर्ग को सुविधा मिल जाएगी.**

इंदौर में गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक 17 किलोमीटर लंबी मेट्रो ट्रेक तैयार हो गया है. मार्च से पूरे 17 किलोमीटर पर मेट्रो का व्यवसायिक रन शुरू हो जाएगा. बाकी मार्ग अंडर ग्राउंड बनाया जा रहा है. मेट्रो अधिकारियों ने प्राथमिक कॉरिडोर के बाद शहर को विशेष और लाइफ लाइन ट्रेक का प्रस्ताव किया है. यह ट्रेक प्राथमिक कॉरिडोर को जोड़ते हुए मांगलिया से राऊ तक मेट्रो का है. करीब 22 से 25 किलोमीटर लंबी लाइन में पूरे शहर का 50 प्रतिशत व्यवसायिक हिस्सा कवर हो जाएगा. एमपी मेट्रो ने उक्त प्रस्तावित योजना पर ब्लू लाइन मेट्रो चलाने की योजना बनाई है. पूरे मार्ग पर एमआर-10 की तरह एलिवेटेड लाइन का निर्माण



करने में कोई बाधा नहीं है, क्योंकि इस रोड पर भी पर्याप्त चौड़ाई है. साथ ही अब रोड पर मेट्रो लाइन डलने के बाद यातायात का दबाव कम हो जाएगा. ध्यान रहे कि मांगलिया से राऊ तक 22 से 25 किलोमीटर लंबी दूरी के बीच एबी रोड का 12 किलोमीटर हिस्सा जो बीआरटीएस सड़क का था, वह बिना किसी व्यवधान के कवर हो रहा है. मेट्रो के प्रस्ताव को स्थानीय प्रशासन, सरकार और जनप्रतिनिधि गंभीरता से लेंगे, तो इंदौर की यह पहली लाइफ लाइन मेट्रो बन सकती है. उक्त लाइन के नीचे भी एमआर 10 की तरह यातायात निर्बाध रूप से चलता रहेगा. इतना ही नहीं मेट्रो के मांगलिया से राऊ तक प्रस्तावित लाइन के बाद एलिवेटेड कॉरिडोर की जरूरत ही खत्म हो सकती है. इसका कारण यह है कि मेट्रो को एमआर 10 सड़क के समान सिर्फ पियर खड़े करने जितनी जगह ही चाहिए, जो 40 मीटर चौड़े एबी रोड पर आसानी से मिल रही है. साथ ही मेट्रो स्टेशन के लिए भी एबी रोड पर विजय नगर, एलआईजी, पलासिया, शिवाजी प्रतिमा, नवलखा, भंवरकुआ, राजीव गांधी चौराहे, पिगडंबर, बीजलपुर चौराहा, राजेंद्र नगर और राऊ तक आसानी से जगह उपलब्ध हो सकती है और भी उक्त स्थानों पर जहां स्टेशन निर्माण किए जा सकते हैं.

### बीआरटीएस के कारण रुका था प्रस्ताव

मेट्रो शहर एमडी पूरे एबी रोड को कवर कहने की योजना बहुत पहले बना चुके थे, लेकिन बीआरटीएस सड़क के कारण योजना रोकी थी. अब सरकार बीआरटीएस सड़क तोड़ रही है, तो मेट्रो ने उक्त प्रस्ताव पर काम शुरू कर दिया है.

**एलिवेटेड कॉरिडोर से ज्यादा फायदेमंद** -मेट्रो की मांगलिया से राऊ तक प्रस्तावित योजना शहर की लाइफ लाइन साबित हो सकती है. साथ ही एलिवेटेड कॉरिडोर से ज्यादा फायदेमंद है, क्योंकि एलिवेटेड कॉरिडोर में सिर्फ 6 किलोमीटर का हिस्सा कवर हो रहा है, जबकि ब्लू लाइन मेट्रो से 25 किलोमीटर का एरिया कवर हो रहा है.

**सभी वर्ग को सुविधा मिल जाएगी** -मेट्रो की प्रस्तावित लाइन मांगलिया से राऊ तक विधार्थी, व्यवसाई, नौकरी पेशा, उद्योगपति, निजी कार्यालय, हॉस्पिटल से लेकर आज आदमी तक को आसान सुविधा उपलब्ध हो सकती है.

### सिटी बस भी सिर्फ इसी मार्ग पर फायदे में

बीआरटीएस सड़क पर नगर निगम की सिटी बस सेवा भी राजीव गांधी चौराहे से निरंजनपुर तक फायदे में है. उक्त मार्ग पर ज्यादा जनता सिटी बस का उपयोग करती है, जिससे सिटी बस कंपनी को 30 लाख का सालाना फायदा है. उक्त आंकड़े से समझा जा सकता है कि यदि मेट्रो एबी रोड पर चली तो कितना फायदा होगा जनता को. मेट्रो के खंबे बीच में होने से दोनों तरएफ यातायात भी आसानी से निर्बाध गति से चलता रहेगा.

---

## एक नजर में

### लोकायुक्त अधिकारी के बेटे की सड़क हादसे में मौत

इंदौर. इंदौर लोकायुक्त कार्यालय में पदस्थ निरीक्षक सचिन पटेरिया के 4 वर्षीय बेटे यशवर्धन की भोपाल में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. हादसे में उनकी पत्नी नेहा और आटो चालक भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं. ज्ञात हो कि श्री पटेरिया को जब यह सूचना मिली, उस वक्त वह एक रिश्वतखोर को पकड़ने की योजना पर काम कर रहे थे और मौके पर गए हुए थे.

### क्लिनिक के धावकों ने टाटा मुंबई मैराथन में रचा कीर्तिमान



महू. इंदौर मैराथन अकादमी के महू क्लिनिक से जुड़े धावकों ने देश की सबसे प्रतिष्ठित दौड़ों में से एक टाटा मुंबई मैराथन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 42.195 किमी की फुल मैराथन सफलतापूर्वक पूर्ण की. महू क्लिनिक से कुल 5 धावकों ने यह कठिन चुनौती पूरी कर क्षेत्र का नाम रोशन किया. इसमें महू क्लिनिक के धावकों में राजेंद्र शर्मा ने 6 घंटे 01 मिनट, स्वप्निल वर्मा ने 6 घंटे 06 मिनट, हुकुम चंद सैनी ने 4 घंटे 37 मिनट, निखिल ओंकार ने 5 घंटे 32 मिनट तथा भरत ने 6 घंटे 11 मिनट का समय लेकर मैराथन पूर्ण की. इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाते हुए हुकुम चंद सैनी और राजेंद्र शर्मा ने प्रतिष्ठित प्रोकैम स्लैम भी सफलतापूर्वक पूरा किया. इसके साथ ही वे क्रमश- महू के पहले और दूसरे धावक बने, जिन्होंने यह गौरव हासिल किया. प्रोकैम स्लैम पूरा करने के लिए निर्धारित कट-ऑफ समय में लगातार चार प्रमुख राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय दौड़ें पूरी करनी होती हैं, जो उन्होंने सफलतापूर्वक पूरी कीं. इस पर धावकों को एक कॉम्बाइंड मेडल, प्रमाण पत्र तथा विशेष टी-शर्ट प्रदान की जाती है. इस ऐतिहासिक सफलता पर महू क्लिनिक के कोच विशाल, क्लिनिक के मुकेश वर्मा, अरुण चौधरी एवं सभी धावकों ने विजयी खिलाडियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया.

### महाकाल पेनल की सभी पदों पर एकतरफा जीत



महू. दामोदर वंशी जूना गुजराती दर्जी समाज कड़छा ट्रस्ट के चुनाव में महाकाल पैनल ने एकतरफा और ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए सभी प्रमुख पदों और ट्रस्टी सीटों पर कब्जा जमा लिया है. इसमें अमित चौहान (कोट भिड़ोता) ने अध्यक्ष पद पर ऐतिहासिक मतों से जीत हासिल की है. कार्यकारिणी के अन्य प्रमुख पदों पर भी महाकाल पैनल का दबदबा रहा. नरेन्द्र परिहार (नसरुल्लागंज) को सचिव और सुनील गोयल (डकाच्या) को कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया है. ट्रस्टी पद पर पेनल के सभी 8 प्रत्याशी विजयी रहे. इनमें अशोक सोलंकी (गौतमपुरा), कन्हैयालाल देवड़ा (ताल), कमलकिशोर परमार (इंदौर), किशोर चौहान (इंदौर), मनीष परमार (अकोदिया मंडी), प्रशांत चौहान (शाजापुर), सत्यनारायण सोलंकी (देवास) और सुनील परमार (तलावली) शामिल हैं. महाकाल पैनल की इस प्रचंड जीत पर समाजजनों ने बधाई दी है. नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित चौहान ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए ट्रस्ट और समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया. वहीं, समाज के गोविंद टेलर, अजय परमार, जीतू सोलंकी, विनोद चौहान आदि ने स्वागत किया है.

### श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा 23 को

महू. बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा महू के प्राचीन चक्की वाले महादेव से प्रारंभ होकर गोपाल मंदिर पर सम्पन्न होगी. निशान यात्रा समिति के संयोजक नितेश शर्मा एवं अध्यक्ष रितेश कौशल ने बताया कि यह यात्रा 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे चक्की वाले महादेव से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गोपाल मंदिर पर आरती के साथ सम्पन्न होगी, जिसमें ऊंट, घोड़े, भगवान की आकर्षक झांकियां, बाबा श्याम का दिव्य दरबार, और सांवरिया सेठ का दिव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहेगा. साथ ही प्रसिद्ध भजन गायक भजन गायन करते हुए निशान यात्रा में सम्मिलित रहेंगे. निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी बाबा के निशान को उठाकर बाबा की भक्ति में ओतप्रोत होते हुए निशान लेकर चलेंगे, साथ ही गोपाल मंदिर पर निशान चढ़ाने के बाद समस्त निशान खाटू धाम में 25 जनवरी को अर्पित किए जाएंगे. सभी श्याम प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर निशान उठाकर धर्म लाभ लें.

---

# भागीरथपुरा कांड में हाईलेवल कमेटी पर आपत्ति

▶ हाईकोर्ट ने रखा फैसला सुरक्षित

नव भारत न्यूज

**इंदौर. भागीरथपुरा कांड को लेकर आज हाईकोर्ट में जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हुई. करीब डेढ़ घंटे चली सुनवाई में सरकार द्वारा कमेटी बनाने, मुआवजा नहीं देने और गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज नहीं होने के तर्क अलग-अलग अधिवक्ताओं ने दिए. उक्त मामले में हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है.**

आज भागीरथपुरा दूषित पानी को लेकर हाईकोर्ट की डबल बेंच में सुनवाई हुई. जस्टिस अजय कुमार शुक्ला और आलोक अवस्थी की बेंच में सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने सरकार द्वारा हाईलेवल कमेटी बनाने की जानकारी दी. इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने आपत्ति जताई और कहा कि पहले भी और अभी भी प्रशासनिक अधिकारियों को कमेटी में लिया है. इसका मतलब यह है कि मामले में प्रशासनिक अधिकारियों को बचाया जा सकता है, उनकी जिम्मेदारी तय होने में संदेह है. अधिवक्ता बागड़िया ने कहा कि न्यायिक जांच के लिए न्यायालय के सेवा निवृत्त जज को लेकर कमेटी हो, ज्यादा से ज्यादा कलेक्टर को सदस्य बना लें.

### मौत के आंकड़े ही सही नहीं बताए जा रहे हैं...

सुनवाई के दौरान अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल ने पीड़ितों को मुआवजा नहीं देने का मामला उठाते हुए कहा कि मौत के आंकड़े ही सही नहीं बताए जा रहे हैं.

**संज्ञान में है...**-सभी के तर्क सुनने के बाद हाईकोर्ट के जस्टिस द्वय ने अधिवक्ताओं से कहा कि घटना से जुड़े सभी तर्क और सरकार की कारवाई संज्ञान में है. इसके बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया.

### नहीं तो बावड़ी कांड जैसा होगा...

भागीरथपुरा कांड को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष यादव ने तर्क दिया कि पूर्व में भी बावड़ी कांड में अधिकारी को निलंबित कर बहाल कर दिया गया था. उपहार सिनेमा और दक्षिण में भगदड़ के मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है. इस मामले में भी जिम्मेदारी तय कर मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए. नहीं तो बावड़ी कांड जैसा हो सब कुछ रफा दफा कर दिया जाएगा.

# अलाव पर हाथ सेकते वक्त झुलसने से दिव्यांग युवक की मौत



इंदौर. राऊ थाना क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए जलाया गया अलाव एक दिव्यांग युवक के लिए जानलेवा साबित हो गया. आग तापने के दौरान संतुलन बिगड़ने से युवक अलाव में गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया. अस्पताल में कई दिनों तक चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि घटना राऊ थाना क्षेत्र के रंगवासा गांव की है. मृतक की पहचान 30 वर्षीय सुनील चौहान पिता राम चौहान के रूप में हुई है. 16 जनवरी की रात करीब 2 बजे सुनील खेत पर ठंड से बचने के लिए अलाव जलाकर बैठा था. परिजनों ने बताया कि सुनील दोनों पैरों से दिव्यांग था, जिससे उसे चलने फिरने में परेशानी होती थी. अलाव के पास से उठते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे जलती आग में जा गिरा. गिरते ही उसके पहने जैकेट ने आग पकड़ ली. घटना के समय वह खेत पर अकेला था. आग की लपटों में घिरने पर उसने शोर मचाया, आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे आग से बाहर निकाला.

# इंदौर जेल के 9 कैदी समेत 87 बंदियों की 26 जनवरी को होगी रिहाई

▶ 394 अन्य बंदियों की रिहाई की अर्जी खारिज

**इंदौर.** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंदौर जेल के 9 कैदियों सहित प्रदेश भर की जेलों में बंद 87 बंदियों को समय पूर्व रिहा किया जाएगा. हालांकि 394 अन्य बंदियों की रिहाई की अर्जी खारिज कर दी है.

जेल विभाग के आदेशानुसार रिहाई में इंदौर जेल से 9-9 कैदी शामिल होंगे. वहीं भोपाल से 11, उज्जैन से 5, सतना से 8, नर्मदापुरम से 3, बड़वानी से 6, अलीराजपुर से 1, ग्वालियर, जबलपुर, सागर और रीवा से 10 और नरसिंहपुर सर्किल से 6 कैदी रिहा किए जाएंगे. जेल विभाग ने रिहाई के आदेश में स्पष्ट किया है कि जिन कैदियों के खिलाफ उच्च न्यायालयों में अपील लंबित है, उन्हें तभी रिहा किया जाएगा जब उनका निराकरण 26 जनवरी से पहले हो जाए. इसके अलावा, जिन कैदियों को आजीवन कारावास के साथ जुर्माने की सजा दी गई है, यदि उन्होंने 26 जनवरी तक जुर्माने की राशि जमा नहीं की, तो उन्हें जुर्माने की सजा के एवज में रोका जाएगा.

विभाग ने यह भी कहा कि जो बंदी आजीवन सजा के साथ अन्य प्रकरणों की सजा भी भुगत रहे हैं, उन्हें आजीवन कारावास के तहत रिहा किया जाएगा, लेकिन बाकी सजा के लिए जेल में रोका जाएगा. जेल प्रशासन ने सभी संबंधित कैदियों और उनके परिजनों को रिहाई प्रक्रिया की जानकारी देने के निर्देश जारी किए हैं. अधिकारी का कहना हैं कि यह कदम प्रदेश सरकार की पहल के तहत नागरिक उत्सव और गणतंत्र दिवस पर कैदियों के पुनर्वास की प्रक्रिया का हिस्सा है.

# एयरपोर्ट पर यात्री बेहोश दूसरी फ्लाइट दिल्ली डायवर्ट

इंदौर. देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर यात्रियों की तबीयत बिगड़ने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं. लखनऊ जाने वाली फ्लाइट पकड़ने पहुंचा एक यात्री एयरपोर्ट पर बेहोश हो गया, जबकि जम्मू से इंदौर आ रही फ्लाइट में एक यात्री की तबीयत खराब होने पर विमान को दिल्ली डायवर्ट करना पड़ा.

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार शाम करीब 4.45 बजे इंडिगो एयरलाइंस की शाम 5.05 बजे लखनऊ जाने वाली फ्लाइट (6ई-7422) से यात्रा करने पहुंचे सुधीर जैन सिक्योरिटी होल्ड एरिया में बोर्डिंग गेट क्रमांक-10 के पास बैठे थे. इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे बेहोश होकर गिर पड़े. सूचना मिलते ही एयरपोर्ट के मेडिकल इमरजेंसी रूम में तैनात डॉक्टर मौके पर पहुंचे. प्राथमिक जांच में उनका ब्लड प्रेशर कम पाया गया, जिस पर उन्हें एंबुलेंस से तत्काल नजदीकी बांठिया अस्पताल भेजा.

### हृदय रोग से पीड़ित है एक मरीज

सूत्रों का कहना है कि सुधीर जैन इंदौर के कनाड़िया क्षेत्र के निवासी हैं और उन्हें पहले से हृदय संबंधी बीमारी है, जिसका उपचार चल रहा था. अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें होश आया, जिसके बाद परिजनों की सलाह पर बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया. इधर, एक दिन पहले भी दोपहर 1.35 बजे जम्मू से इंदौर आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई-6332) में भी एक यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई. स्थिति को देखते हुए पायलट ने नजदीकी एयरपोर्ट दिल्ली पर विमान को डायवर्ट कर उतारा. दिल्ली में यात्री को उतारने के बाद फ्लाइट तय समय से करीब डेढ़ घंटे की देरी से इंदौर पहुंची,

# भागीरथपुरा पीएचसी में डायरिया के तीन नए केस आए सामने

**इंदौर.** भागीरथपुरा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार नजर बनाए हुए हैं. मंगलवार को भागीरथपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में 122 मरीज पहुंचे, जिनमें डायरिया के तीन मरीज शामिल थे. स्थिति पर काबू पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतत निगरानी की जा रही है.

सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसानी ने बताया कि अब तक क्षेत्र से 449 मरीज अस्पतालों में भर्ती कराए जा चुके हैं. इनमें से 433 मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं. वर्तमान में 9 मरीज वार्ड में भर्ती हैं, जबकि 7 की हालत गंभीर होने पर उन्हें आईसीयू में रखा है. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्र में दो एम्बुलेंस तैनात की गई हैं और 24 घंटे डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है. गंभीर मरीजों को एमवाय अस्पताल और अरविंदो अस्पताल भेजा जा रहा है, वहीं बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल रेफर किया जा रहा है. निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को भी नि:शुल्क जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं. स्थिति नियंत्रण में है और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है.

# बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवकों की कार डिवाइडर से टकराई

▶ कार सवार दोनों युवक घायल

**इंदौर. बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवकों की कार देर रात डिवाइडर से जा टकराई. हादसे में कार सवार दोनों युवक घायल हो गए, जिन्हें गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया. घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.**

हादसा लसूड़िया थाना क्षेत्र के निपानिया चौराहे पर हुआ. देर रात सफेद रंग की कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से भिड़ गई. कार में राजपाल चौरसिया और संजय सोलंकी, दोनों निवासी देवास,



सवार थे. दुर्घटना के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. डिवाइडर के पास क्षतिग्रस्त कार देखकर गश्त कर रहे लसूड़िया थाने की डायल-112 टीम के आरक्षक नरेंद्र मंडलिया और राधेश्याम तथा पायलट राजेश यादव मौके पर पहुंचे. उन्होंने घायलों को अपनी सरकारी गाड़ी से तत्काल एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है. थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि दोनों युवक किसी परिचित की बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए होटल गए थे और वहां से लौटते समय कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई.

---

एक नजर में ▶ सीवरेज लाइन नहीं होने से लोग खुद साफ करते हैं अपने घरों के सामने से सीवरेज की गंदगी

# सीवरेज व्यवस्था पर करोड़ों खर्च करने के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही करती है बयां

इंदौर. जिसे लगातार कई बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला है, वहां सीवरेज व्यवस्था पर करोड़ों खर्च करने के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है. शहर के कई क्षेत्रों में अब भी खुली नालियां हैं, जिसके कारण गंदगी और बदबू का सामना निवासियों को पूरे साल करना पड़ता है.

ऐसा ही क्षेत्र है कुंदन नगर, जहां के रहवासी गंदगी और बदबू का सामना कर रहे हैं. दरअसल, यह क्षेत्र शहर की अंतिम सीमा पर स्थित वार्ड क्रमांक 79 अंतर्गत आता है. यह हवा बंगला से करीब डेढ़ किलोमीटर आगे की तरफ



बसा हुआ है. यहां मुख्यत- मजदूर और छोटी नौकरीपेशा करने वाले लोग निवास करते हैं. कुंदन नगर में ऐसा कोई हिस्सा नहीं है, जहां गंदगी न पसरी हो. हर तरफ खुली हुई नालियां दिखाई देती हैं. गटर की गंदगी कच्ची सडकों पर बहती रहती है. नव भारत की टीम जब यहां की समस्या का जायजा लेने कुंदन नगर पहुंची, तो कुछ बुजुर्ग महिलाएं अपने-अपने घरों के सामने की खुली हुई नालियों से गंदगी साफ करते मिलीं. उनसे बात करने पर पता चला कि सीवरेज लाईन डालना तो दूर क्षेत्र में कोई सफाई कर्मी तक नहीं आता है. सीवरेज के गंदे पानी की यह समस्या इसलिए भी यहां बढ़ी हुई है, क्योंकियहां पास ही गरीबी रेखा वाली मल्टी बनी हुई है, जिनकी चेंबर और सीवरेज की लाईन कुंदन नगर की ओर खोल रखी है, जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है, पर सुनवाई आज तक नहीं हुई. क्षेत्रवासियों ने बताया कि कुंदन नगर में आज तक विकास नहीं हुआ है. चुनाव के समय वोट लेने के लिए यहां आने वाले नेता उस वक्त तो बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन दोबारा यहां कोई नहीं आता.

### ह बोले रहवासी...



पूरे कुंदन नगर में कहीं भी सीवरेज लाईन नहीं डाली गई है, जिससे क्षेत्र के लोगों के बुरे हाल हैं. हर रोज हमें ही नालियों से बहते गटर की गंदगी साफ करनी पड़ती है.

**- रिंकु योगी**



गंदा पानी बहता रहता है, मक्खी और मच्छर होते हैं, बच्चे बीमार हो रहे हैं. मजबूरन अपने-अपने घरों के आगे की नालियां लोगों को खुद साफ करनी पड़ती हैं, क्योंकि क्षेत्र में कोई सफाई कर्मी आता ही नहीं है.


**- बेबी बाई**



नल का पानी हो तो फिर भी चल जाए, पर यहां तो नालियों में लेट बॉथ की गंदगी बहती है. क्षेत्र में सीवरेज लाईन डालनी चाहिए, गंदगी से परेशान होकर लोग अपने मकान बेचकर यहां से जा रहे हैं.

**- लीला बाई**

#### जल्द ही क्षेत्र की समस्या खत्म हो जाएगी



अमृत योजना के तहत 20 करोड़ की सीवरेज लाइन का कार्य मंजूर हुआ है. कुंदन नगर की 22 नंबर गली से कार्य शुरू हो चुका है. जल्दी पूरे क्षेत्र में यह समस्या खत्म हो जाएगी.

**- लक्ष्मी वर्मा, पार्षद**

### करंट लगने से युवक की मौत

इंदौर. तिल्लौर खुर्द क्षेत्र में बोरिंग कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान शंकर पिता समारु उम्र 30 वर्ष, निवासी छत्तीसगढ़ के रूप में हुई है. शंकर बोरिंग मशीन पर मजदूरी करता था और इन दिनों तिल्लौर खुर्द क्षेत्र में एक किसान के खेत पर बोरिंग का काम चल रहा था. काम के दौरान वह खेत के एक कोने की ओर गया, जहां बिजली के तार खुले पड़े थे. संभवत: तारों का संपर्क जमीन या गीली घास से होने के कारण शंकर का पैर उन पर पड़ गया और वह करंट की चपेट में आकर मौके पर ही अचेत हो गया. काफी देर तक वापस न लौटने पर उसके चाचा और अन्य साथी मजदूरों ने तलाश की. शंकर खेत में बेसुध हालत में पड़ा मिला, जिसे तुरंत निजी वाहन से एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस का कहना है कि मामले में मर्ग कायम कर लिया है.